HDMI Forum नए स्पेशिफ़िकेशन

प्रेस रिलीज़ ड्राफ्ट

HDMI FORUM ने HDMI स्पेशिफ़िकेशन के संस्करण 2.2 की घोषणा की

अगली पीढ़ी की HDMI® टेक्नोलॉजी और उच्च बैंडविड्थ हाई रिज़ॉल्यूशन और रिफ़्रेश रेट की एक विस्तृत रेंज़ को सक्षम बनाएंगे

लास वेगास, नेवादा - 6 जनवरी, 2025 - HDMI Forum, Inc ने आज HDMI स्पेशिफ़िकेशन के संस्करण 2.2 की आगामी रिलीज़ की घोषणा की। नया HDMI स्पेशिफ़िकेशन व्यापक HDMI इकोसिस्टम के लिए उन्नत विकल्प प्रदान करता है, जिसमें सर्वोत्तम एंड-यूज़र परिणाम बनाने, डिलीवर करने और अनुभव करने के लिए अधिक उन्नत समाधान हैं। नई तकनीक एक से अधिक डिलीवरी प्लेटफ़ॉर्मों को सक्षम करते हुए टीवी, मूवी और गेम स्टूडियो जैसे कॉन्टेन्ट प्रोड्यूसरों के लिए अब और भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाले विकल्पों को सक्षम बनाएगी। उच्च 96Gbps बैंडविड्थ और अगली पीढ़ी की HDMI फ़िक्स्ड रेट लिंक टेक्नोलॉजी डिवाइस एप्लीकेशन की एक विस्तृत सीरीज़ लिए इष्टतम ऑडियो और वीडियो प्रदान करती है। एंड-यूज़र आश्वस्त हो सकते हैं कि उनके डिस्प्ले एक नैटिव वीडियो फ़ॉर्मेट का सर्वोत्तम तरीके से समर्थन करते हैं और एक सहज और विश्वसनीय अनुभव प्रदान कर सकते हैं।

HDMI Forum के अध्यक्ष चांडली हैरेल (Chandlee Harrell) ने कहा, "HDMI Forum का निरंतर मिशन HDMI इको-सिस्टम की उच्च प्रदर्शन क्षमताओं और सुविधाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्पेशिफ़िकेशनों को विकसित करना है। "यह नया स्पेशिफ़िकेशन अब और भविष्य में बाजारों में प्रवेश करने वाली अद्‌भुत नई प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के लिए तेजी से विकसित परिदृश्य का समर्थन करता है।"

उच्च रिज़ॉल्यूशन और रिफ़्रेश रेट समर्थित होंगे और अधिक उच्च-गुणवत्ता वाले विकल्प प्राप्त होंगे। तेज़ 96Gbps बैंडविड्थ मांग करने वाले डेटा-इंटेशिव इमर्सिव और वर्चुअल एप्लिकेशन जैसे AR/VR/MR स्पेशियल रियलिटी और लाइट फ़ील्ड डिस्प्ले के साथ-साथ विभिन्न वाणिज्यिक एप्लिकेशनों जैसे बड़े पैमाने पर डिजिटल साइनेज़, मेडिकल इमेज़िंग और मशीन विज़न में सुधार करता है।

ऑडियो और वीडियो सिंक्रनाइज़ेशन में सुधार के लिए लेटेंसी इंडिकेशन प्रोटोकॉल (LIP) भी शामिल है, विशेष रूप से मल्टीपल-हॉप सिस्टम कॉन्फ़िगरेशन के लिए जैसे कि ऑडियो वीडियो रिसीवर या साउंडबार के साथ।

स्पेशिफ़िकेशन में एक नया Ultra96 HDMI केबल शामिल है, जो 96Gbps बैंडविड्थ का समर्थन करता है और सभी HDMI 2.2 स्पेशिफ़िकेशन सुविधाओं को सक्षम करता है। यह HDMI केबल सर्टिफ़िकेशन प्रोग्राम का हिस्सा है जिसके लिए प्रत्येक मॉडल की लंबाई का परीक्षण और प्रमाणित करने और सर्टिफ़िकेशन लेबल प्रदर्शित करने की आवश्यकता होती है।

नया स्पेशिफ़िकेशन सभी HDMI 2.x एडॉप्टर्स के लिए उपलब्ध होगा और उन्हें H1 2025 में रिलीज़ होने पर सूचित किया जाएगा।

HDMI Forum, Inc के बारे में HDMI Forum, Inc, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्सनल कंप्यूटर, मोबाइल डिवाइस, केबल और कॉम्पोनेंट के दुनिया के अग्रणी निर्माताओं का एक गैर-लाभकारी, पारस्परिक लाभ कॉर्पोरेशन है। एक ओपन ट्रेड एसोसिएशन, HDMI Forum का मिशन HDMI स्पेशिफ़िकेशन के भविष्य के संस्करणों के विकास में व्यापक उद्योग भागीदारी को बढ़ावा देना और इंटरऑपरेबल, HDMI-सक्षम उत्पादों के इकोसिस्टम का और विस्तार करना है। HDMI Forum के बारे में अधिक जानकारी के लिए या सदस्य बनने के बारे में कृपया www.hdmiforum.org देखें

HDMI Licensing Administrator, Inc. के बारे में HDMI Licensing Administrator, Inc. (HDMI LA), HDMI Forum द्वारा HDMI स्पेशिफ़िकेशन के संस्करण 2.2 को लाइसेंस देने के लिए नियुक्त एजेंट है और वह HDMI संस्थापकों द्वारा पहले के HDMI स्पेशिफ़िकेशनों के लाइसेंस के लिए नियुक्त एजेंट है। HDMI LA मार्केटिंग, प्रचार, लाइसेंसिंग और प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करता है। अधिक जानने के लिए, कृपया www.hdmi.org पर जाएं

प्रेज़ेंटेशन और ग्राफ़िक फ़ाइल डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं https://hdmi.org/press/pressresources

शब्द HDMI, HDMI हाई-डेफिनिशन मल्टीमीडिया इंटरफ़ेस, HDMI ट्रेड ड्रेस और HDMI लोगो HDMI Licensing Administrator, Inc. के ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं।